देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 85 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 28 जून 2020

विचार-प्रवाह...
नफा-नुकसान से ऊपर





मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 24.0°

35171.27

2 विवाद सुलझाने को लेकर गंभीर नहीं चीन

7 क्रिकेट से बाहर भी है जिंदगी

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी बोर्ड 2020 के रिजल्ट में बागपत का लहराया परचम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बागपत। उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में बागपत जिले ने बाजी मार ली है। शनिवार दोपहर 12 बजे के बाद रिजल्ट घोषित हुआ। इस साल के परीक्षा परिणामों में बागपत का परचम लहराया है। 10वीं और 12वीं दोनों ही बोर्ड के टॉपर बागपत जिले के ही हैं। खास बात यह है कि दोनों टॉपर एक ही स्कूल के स्टूडेंट हैं। हाईस्कूल (10वीं) में बड़ौत की रिया जैन ने 96.67 फीसदी मार्क्स के साथ टॉप किया है। वहीं इंटरमीडिएट (12वीं) में बड़ौत के ही अनुराग मलिक ने 97 फीसदी मार्क्स के साथ कामयाबी का झंडा गाड़ा है।

### जम्मू-कश्मीर में एक महीने में 5वीं बार आया भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। कोरोना संकट के बीच प्राकृतिक आपदाएं भी इंसानों पर रहम करने के मूड में नहीं हैं। बीते दिनों पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भूकंप की घटनाओं के बाद शनिवार को जम्मू-कश्मीर में धरती हिलने के समाचार सुनाई दिए। राष्ट्रीय सिसमॉलजी केंद्र ने जानकारी दी है कि प्रदेश के हनले से 332 किमी उत्तर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। 9 जून से अब तक राज्य में पांच बार भूकंप आ चुका है।

### गुड़गांव-फरीदाबाद पर टिड्डी अटैक, आपात बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुड़गांव। राजस्थान और पंजाब में आतंक मचाने के बाद टिड्डियां दिल्ली के पास तक पहुंच गई हैं। राजधानी से सटे गुड़गांव और फरीदाबाद के कई इलाकों में बड़ी संख्या में टिड्डियों के दल ने हमला किया है। अब इनके दिल्ली पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। दिल्ली एयरपोर्ट के पास भी टिड्डी दल देखा गया, इसलिए पायलट्स को सावधान रहने को कहा गया है। गुड़गांव के सेक्टर पांच इलाके में टिड्डियों के दल को देखा गया है।

# भारत में कोरोना 5 लाख पार

## देश में अब करीब 19 दिनों में दोगुने हो रहे मामले

मृत्यु दर लगभग 3 प्रतिशत
स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने कहा है कि देश की रिकवरी दर 58 फीसदी से ऊपर चली गई है और लगभग 3 लाख लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने साथ ही कहा कि हमारी मृत्यु दर 3 प्रतिशत के करीब है जो बहुत कम है। भारत में कोरोना के मामलों को दोगुना होने के रफ्तार करीब 19 दिन हो चुकी है। यह दर देश में लॉकडाउन के 3 दिन पहले की दर थी।

इससे पहले नई दिल्ली में कोविड 19 पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन की अध्यक्षता में मंत्रियों के समूह की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी इस बैठक में मौजूद थे।



### मृत्यु दर बेहद कम

देश में कोरोना का रिकवरी रेट 58 फीसदी से अधिक हो चुका है। देश में फिलहाल कोरोना से मौत का आंकड़ा 15,685 तक पहुंच चुका है। ये देश में हुए मौत के सबसे कम मामले हैं। देश में अब तक कोरोना की मृत्यु दर करीब 3 फीसदी है।

**तेजी से बढ़ रहा रिकवरी रेट** गौरतलब है कि देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के मामलों में भले ही रिकॉर्ड तेजी देखी गई हो लेकिन इस दौरान देश में कोरोना से ठीक हुए मरीजों का आंकड़ा भी कम नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 10,245 मरीज ठीक हुए हैं। इसको मिलाकर देश में कोरोना के अब तक करीब 3 लाख मरीज ठीक हो चुके हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में अब तक कुल 2,95,881 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं।

देश में कोरोना के कुल मामलों की संख्या अब बढ़कर 5 लाख को पार कर गई है। देश में अब तक कुल 5,08,953 मामले सामने आ चुके हैं।

पिछले 24 घंटों की बात करें तो देश में कोरोना के एक दिन में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड 18,552 मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटों में कोरोना के कारण देश में 384 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सिर्फ 6 दिन में आए एक लाख मरीज

देश में कोरोना की रफ्तार क्या है यह पिछले 6 दिन के आंकड़े साफ बयां कर रहे हैं। सिर्फ 6 दिनों में एक लाख नए कोरोना मरीज सामने आए हैं। देश में कोरोना का पहला मामला 30 जनवरी को सामने आया था। यानी पिछले कीरब 150 दिनों में 5 लाख से ज्यादा मरीज हमारे सामने हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि भारत में मृत्यु दर उतना नहीं है वहीं ठीक हुए मरीजों की संख्या भी कुल ऐक्टिव केसों से कहीं ज्यादा है। कोरोना वायरस भारत में फैल तो रहा है लेकिन उतना घातक नहीं है। भारत में अभीतक कोरोना से 15,689 लोगों ने जान गंवाई है। जबकि ब्रिटेन, स्पेन, इटली जैसे देश जहां कुल कोरोना केस भारत से कम रहे।

# करतारपुर कॉरिडोर फिर खोलने को तैयार हुआ पाक

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का दावा- कॉरिडोर खोलने की सूचना भारत को दे दी गई है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शनिवार को बताया कि महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर वह सोमवार को करतारपुर कॉरिडोर फिर से खोलने के लिए तैयार है। बता दें कि कोरोना वायरस महामारी के कारण यह कॉरिडोर पिछले तीन महीने से अस्थायी रूप से बंद है। पाकिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसने कॉरिडोर खोलने की सूचना भारत को दे दी है।

**16 मार्च से बंद था यह कॉरिडोरः** भारत ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के मद्देनजर 16 मार्च को पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब गुरुद्वारा के लिए तीर्थयात्रा और पंजीकरण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। एफओ ने कहा कि विश्वभर में धार्मिक स्थल फिर से खोले जा रहे हैं, ऐसे में पाकिस्तान ने भी सिख श्रद्धालुओं के लिए करतारपुर साहिब कॉरिडोर को खोलने के आवश्यक प्रबंध किए हैं।

**नवंबर में खोला गया था कॉरिडोरः** दोनों देशों ने नवंबर में पाकिस्तान के गुरुद्वारा करतारपुर साहिब और भारत के गुरदासपुर स्थित डेरा बाबा साहिब को जोड़ने वाला गलियारा श्रद्धालुओं के लिए खोला था। करतारपुर साहिब गुरुद्वारा रावी नदी के पास पाकिस्तान के नारोवाल जिले में स्थित है और डेरा बाबा नानक से करीब चार किलोमीटर दूर है।

एफओ ने कहा कि करतारपुर गलियारा शांति एवं धार्मिक सद्भावना का असल प्रतीक है इस ऐतिहासिक पहल की भारत समेत विश्वभर के सिख समुदाय ने प्रशंसा की है।

### कोरोना को लेकर एसओपी बनाएंगे दोनों देश



पाकिस्तान ने दावा किया कि कॉरिडोर को फिर से खोलने के मद्देनजर कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उसने यह भी कहा कि संक्रमण रोकने के लिए एसओपी तैयार करने की खातिर भारत को आमंत्रित किया गया है।

## चीन लिंक? नड्डा बोले- सवालों से न बचें सोनिया जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी पर सीधा निशाना हमला किया। साथ ही नड्डा ने देश की जनता का हवाला देते हुए सोनिया गांधी से 10 प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा मैं सोनिया जी को ये कहना चाहता हूं कि कोरोना के कारण या चीन की स्थिति के कारण मूल प्रश्नों से बचने का प्रयास न करें। भारत की फौज देश की और हमारी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि 130 करोड़ देशवासी जानना चाहते हैं कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए क्या-क्या काम किया और किस तरह से आपने देश के विश्वास के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने चीन और कांग्रेस के संबंधों पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि चीन की तरफ से राजीव गांधी फाउंडेशन को पैसा क्यों दिया गया?

# सेना ने 6 दिन में तैयार कर दिया बैली ब्रिज

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित मुनस्यारी में 6 दिन पहले टूटा बैली ब्रिज दोबारा बनकर तैयार हो गया है। मुन्स्यारी से मिलम जाने वाले रूट पर धापा के पास सेनर नाले पर बना बैली ब्रिज उस वक्त टूट गया था जब सड़क कटिंग के लिए बड़े ट्रक पर पोकलैंड मशीन ले जाई जा रही थी। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सीमा सड़क संगठन ने कड़ी मेहनत से सिर्फ 6 दिन में ही नया ब्रिज तैयार कर लिया है। इसे बनाने में बीआरओ को कई विषम भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, मगर बीआरओ ने रात-दिन काम किया और महज 6 दिन के रेकॉर्ड टाइम में ब्रिज बनाकर तैयार कर दिया।

■पिथौरागढ़ में 22 जून को टूटा था बैली ब्रिज

**70 मजदूरों ने 6 दिन में तैयार किया 120 फीट लंबा ब्रिजः** बैली ब्रिज तैयार होने से सेना और आईटीबीपी के जवानों को चीन सीमा तक पहुंचने में काफी राहत मिलेगी। सैन्य जरूरत का सामान भी आसानी से मिलम तक जा सकेगा। बीआरओ ने 120 फीट लम्बे बैली ब्रिज को बनाने के लिए 70 मजदूरों के साथ एक पोकलैंड मशीन का इस्तेमाल किया।

मुनस्यारी के धापा में बना यह ब्रिज सामरिक रूप से बेहद अहम है और सीमावर्ती गांव मिलम को बाकी उत्तराखंड से जोड़ता था।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारत ने सीमा पर झोंकी पूरी ताकत

चीन की हरकत को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन पूर्वी लद्दाख सीमा पर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और नए मोर्चों पर अपनी ताकत बढ़ा रहा है। लेकिन उसके किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारत ने सीमा पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और उम्मीद की जा रही है कि इससे चीन कोई भी बड़ा कदम उठाने से पहले 100 बार सोचना पड़ेगा। भारतीय सेना को फोकस दौलत बेग ओल्डी-दपसांग सेक्टर पर है। सेना प्रमुख एम एम नरवणे ने हाल में पूर्वी लद्दाख में फॉरवर्ड इलाकों में तैयारियों का जायजा लिया था। माना जा रहा है कि उन्होंने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेना की तैयारियों की जानकारी दी। इसके बाद उनकी शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक हुई।

सेना के अधिकारियों का मानना है कि सीमा पर भारत की तैयारियों को देखते हुए पीएलए किसी बड़े दुस्साहस का जोखिम लेने से बचेगी।